# अपना संयम और भाषा की मर्यादा न खोएं मुख्यमंत्री : जीतू पटवारी



**ग्वालियर 21 सितंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दावा किया है कि भाजपा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को हटाने का बहुत बड़ा अभियान चल रहा है, लेकिन इससे विचलित होकर वे अपना संयम और भाषा की मर्यादा न खोएं.**

उन्होंने अशोकनगर में जिस भाषा का उपयोग किया उससे उनकी और मुख्यमंत्री दोनों की ही गरिमा गिरती है. उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें विपक्ष की भूमिका दी है इसलिए वे सरकार की वादाखिलाफ़ी के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे. मुख्यमंत्री सिर्फ बातें न करें बहनो को तीन हजार रुपये महीने देने का वादा पूरा करें. यहां प्रेस से बात करते हुए पीसीसी चीफ ने कहा कि मोहन यादव ने कल अशोकनगर में जिन

## 2028 का आगाज जिस दिन होगा सूपड़ा साफ हो जाएगा : जीतू

## 3000 रुपये महीने बहनों को देने का वादा पूरा करें

शब्दों का उपयोग किया वो शब्द एक मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिराते हैं. उनकी शब्दावली आए दिन उनके व्यक्तिव को हानि पहुंचा रही है. मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं कि ये चप्पल की, जूतों की, ये चोरी की, ये नशे की, ऐसी भाषा आपको शोभा नहीं देती. आप प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं इसलिए पद की गरिमा रखना आपका दायित्व है. पटवारी ने कहा कि हमें पता है कि आपने जो वादे किए हैं वो आप पूरे नहीं कर पाओगे, हमें ये भी पता है कि बीजेपी के अंदर आपको हटाने का आपके खिलाफ बहुत बड़ा अभियान चल रहा है. हम चाहते हैं आप तीन साल मुख्यमंत्री रहो, हम सच्चे और अच्छे विपक्ष की भूमिका निभाना चाहते हैं. भाजपा की गुटबाजी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा खंड-खंड में है.

### मुरैना में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन



**भोपाल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को मुरैना में शक्ति प्रदर्शन करते हुए किसान खेत न्याय यात्रा और विशाल किसान-मजदूर महापंचायत जन सत्याग्रह का आयोजन किया. इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया. कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान, मजदूर और कांग्रेसजन शामिल हुए. महापंचायत में प्रमुख रूप से मौजूद रहे—राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के उपाध्यक्ष चौ. अमराराम, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बादल सरोज, विधायक फूल सिंह, पंकज उपाध्या, दिनेश गुर्जर, सुरेश राजे, सतीश सिकरवार, साहब सिंह गुर्जर और मुकेश मल्होत्रा. इसके अलावा पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, महेश मिश्रा, अखिल भारतीय किसान सभा अध्यक्ष अनिल यादव, वरिष्ठ नेता राहुल शर्मा और बैजनाथ कुशवाहा भी उपस्थित रहे. अपने संबोधन में जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव पर निशाना साधते हुए कहा, मुख्यमंत्री जी, आपकी भाषा आपके व्यक्तित्व का दर्पण है. चप्पल, चोरी और नशे जैसी बातें पद की गरिमा के अनुरूप नहीं हैं. आपने लाड़ली बहना योजना के तहत 3000 प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन आज बहनों को केवल 1200 मिल रहे हैं. यह 1800 की सीधी वसूली है, जो वादाखिलाफी ही नहीं बल्कि महिलाओं का अपमान भी है. महापंचायत का समापन किसानों और मजदूरों की एकजुटता के साथ हुआ. कांग्रेस ने आश्वासन दिया कि वह उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी.

## छेडछाड़ के मामले में भाजपा नेता का बयान आया सामने

**बड़वानी.** बड़वानी जिले के सिलावद के भाजपा मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध महिला हेड कांस्टेबल के कथित छेड़छाड़ मामले में जहां आदिवासी नेता गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, वहीं पुलिस ने वैधानिक प्रक्रिया के मुताबिक कार्रवाई की बात कही है. इसी बीच भाजपा नेता का वीडियो बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने घटना को राजनीतिक षड्यंत्र बताया है. शिकायत में हेड कांस्टेबल ने कहा था कि 1 सितंबर को अजय यादव से उसका ट्रांसफर बड़वानी जिले के अंजड़ करवाने की चर्चा हुई थी. पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल के करीबी यादव ने कहा था कि वह उसका ट्रांसफर सिलावद करवा देगा.

# शुक्ल ने नमो युवा रन को दिखाई हरी झंडी

## नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ एवं तनाव मुक्त जीवन जीने का संकल्प लें

**भोपाल 21 सितंबर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ रहते हुए नशे से दूर रहकर तनाव मुक्त जीवन जीने का संकल्प लेना है. सुबह जल्दी उठें, शारीरिक व्यायाम करें तदुपरांत अपने दैनिक कार्यों को तनावमुक्त होकर करें.**

उप मुख्यमंत्री ने नमो युवा रन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया. रीवा मुख्यालय में आयोजित युवा रन में हजारों की संख्या में युवाओं ने सहभागिता की. एनसीसी मैदान से आरंभ हुई युवा मैराथन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुए एनसीसी मैदान में समाप्त हुई. उप



मुख्यमंत्री भी नमो युवा रन में शामिल हुए.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इस दौरान विभिन्न रचनात्मक कार्य होंगे ताकि हम सभी इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर सकें. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि फिट इंडिया में सभी स्वस्थ व स्फूर्तवान रहें.


नमोयुवा रन के माध्यम से शहर व जिलेवासियों में यह संदेश जायेगा कि वह स्वस्थ रहने के लिये व्यायाम व दौड़ में भाग लें. उन्होंने दौड़ेगा रीवा दौड़ेगा भारत का नारा दिया. उन्होंने कहा कि नशे से बचाव के लिये युवा आगे आयें. स्वयं भी नशा न करें व नशे करने वालों की सूचना दें ताकि उनका नशा छुड़ाया जा सके. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि जिले में नशे का कारोवार करने वाले जेल में हैं.

# श्रीकृष्ण की स्मृतियों को तीर्थ स्वरूप दे रही है सरकार

## मुख्यमंत्री ने वृंदावन में आयोजित कार्यक्रम में कहा-

**भोपाल, 21 सितम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी स्मृतियों और उनसे संबंधित स्थलों को संरक्षित कर तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत के लिए यह अनुकूल समय है जब राष्ट्रहित में सही निर्णय लिए जा रहे हैं और विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को वृंदावन में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की पावन भूमि पर आकर उनकी लीलाएं



स्मरण होती हैं, जिनका महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है.

श्रीकृष्ण ने विशाल दृष्टिकोण, गरीबों के प्रति करुणा और सच्चे मित्रभाव की शिक्षा दी. डॉ. यादव ने उल्लेख किया कि मध्यप्रदेश भी कृष्ण से गहराई से जुड़ा है— सांदीपनि आश्रम में उनकी शिक्षा, सुदामा से मैत्री, रुक्मणी विवाह और भगवान परशुराम से सुदर्शन चक्र प्राप्त करने जैसी घटनाएँ वहीं घटित हुई थीं.

कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री आगरा के निकट ग्राम बाकंदा पहुँचे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यक्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख ओमप्रकाश सिसोदिया के पिता स्वर्गीय जनक सिंह सिसोदिया के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने समाधि परिसर में पौधरोपण भी किया. डॉ. यादव के आगरा एयरपोर्ट आगमन पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने आत्मीय स्वागत किया. इस अवसर पर मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला सहित उत्तर प्रदेश के जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे.

## एक नजर में

### पंजाब से बिहार ले जा रही 48 लाख की शराब जब्त

**सतना.** मध्यप्रदेश के सतना जिले में रामपुर कोतवाली पुलिस ने शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 48 लाख रुपये की अंग्रेजी शराब जब्त की है।पुलिस सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर पकड़े गए इस ट्रक में 859 पेटियां विदेशी शराब की भरी हुई थीं। जानकारी के मुताबिक अंग्रेजी शराब की यह खेप पंजाब से बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस ने ट्रक चालक रमेश कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### डाव विसर्जन के दौरान युवक क्वारी नदी में डूबा

**मुरैना.** मुरैना जिले के पोरसा थाना क्षेत्र में पितृपक्ष समाप्ति पर डाव विसर्जन के दौरान एक युवक क्वारी नदी में डूब गया. युवक की तलाश पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए कर रही है.पुलिस सूत्रों के अनुसार पोरसा क्षेत्र के बुधारा घाट पर आज बिट्टू सिकरवार (25) डाव विसर्जन करने गया था. उसी दौरान नदी में उतरने पर तेज बहाव के कारण वह गहरे पानी में डूब गया. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया. इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है.

### नवरात्र से 16 दिवसीय भगवान बालाजी महोत्सव

**बुरहानपुर.** शारदीय नवरात्र के अवसर पर मध्य भारत के सुप्रसिद्ध भगवान श्रीबालाजी महोत्सव का आयोजन होगा। यह महोत्सव 22 सितंबर से घटस्थापना के साथ प्रारंभ होकर शरद पूर्णिमा पर संपन्न होगा। 16 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में भगवान श्रीबालाजी लकड़ी के प्राचीन रथ पर सवार होकर प्रतिदिन रात्रि में नगर भ्रमण करेंगे. वही बुरहानपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में रातभर भ्रमण कर भगवान भक्तों को घर-घर दर्शन देंगे। महाजनापेठ स्थित प्राचीन श्री बड़े बालाजी महाराज मंदिर संस्थान से 22 सितंबर की शाम महोत्सव की शुरुआत होगी.

# उज्जैन सिंहस्थ मेला एक्ट में होगा बड़ा बदलाव

- 1955 के कानून की जगह नया एक्ट बनेगा
- मेला बोर्ड बनेगा, कलेक्टर और पुलिस को मिलेंगे खास अधिकार

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को देखते हुए मध्यप्रदेश सरकार अब सिंहस्थ मेला एक्ट 1955 में व्यापक बदलाव करने जा रही है. यह एक्ट मध्यभारत काल में बना था और तब से अब तक सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप इसमें कोई बड़ा संशोधन नहीं किया गया.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सरकार ने शीतकालीन सत्र में नया विधेयक पेश करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत नया कानून बनेगा और मेला बोर्ड का गठन होगा.

### कलेक्टर की ताकत बढ़ेगी

नए एक्ट के तहत जिले के कलेक्टर को व्यापक अधिकार दिए जाएंगे. आयोजन की सभी व्यवस्थाओं पर कलेक्टर का सीधा नियंत्रण होगा।विभागीय तालमेल बैठाने में उन्हें अंतिम निर्णय का अधिकार रहेगा. किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही पर वे तत्काल कार्रवाई कर सकेंगे.

### बनेगा सिंहस्थ मेला बोर्ड

नया कानून बनने के बाद सिंहस्थ मेला बोर्ड का गठन किया जाएगा. इसमें प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, स्वास्थ्य, जल संसाधन, बिजली, परिवहन समेत तमाम विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे.

### मुख्यमंत्री की निगरानी में रहेगा बोर्ड

बोर्ड की बैठकें नियमित होंगी. योजनाओं की मॉनिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री की देखरेख में होगी।महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति, श्रद्धालुओं व साधु-संतों का भी परामर्श लिया जाएगा।

### क्यों ज़रूरी है नया एक्ट?-

सिंहस्थ 2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।पुराना एक्ट 70 साल पुराना है, उसमें वर्तमान समय की चुनौतियों के लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं हैं.

डिजिटल तकनीक, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन जैसे नए पहलुओं को शामिल करने के लिए कानून को अपडेट करना ज़रूरी है.

### तैयारियों को मिलेगी रफ्तार

इस नए कानून के बाद सिंहस्थ 2028 की तैयारियों में तेज़ी आएगी. अधोसंरचना विकास के कामों को कानूनी मजबूती मिलेगी।प्रशासनिक अड़चनें खत्म होंगी।साधु-संतों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी.




### पुलिस को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी

मेला बोर्ड में पुलिस को भी शामिल किया जाएगा।आईजी,एसपी स्तर के अधिकारी सिंहस्थ क्षेत्र की सुरक्षा देखेंगे. खास तौर पर क्राउड मैनेजमेंट और सुरक्षा योजनाओं पर पुलिस को अतिरिक्त अधिकार मिलेंगे।ड्रोन, सीसीटीवी और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सिंहस्थ क्षेत्र की चौकसी की जाएगी.

### गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री हर स्तर पर तैयारियों का जायजा लेंगे. योजनाओं और बजट पर अंतिम फैसला सीएम की देखरेख में होगा. नए एक्ट में यह प्रावधान किया जाएगा कि कोई भी व्यक्ति सिंहस्थ क्षेत्र में अनुशासनहीनता करेगा, गड़बड़ी फैलाएगा या व्यवस्थाओं में बाधा बनेगा तो उसे सीधे जेल भेजा जाएगा. आपराधिक गतिविधियों पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी.

## नवरात्रि में मांस व मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित

**सतना.** धार्मिक नगरी मैहर में आगामी 22 सितंबर से शुरू हो रहे शारदेय नवरात्र पर्व के मद्देनजर प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है. आस्था और धार्मिक भावनाओं के सम्मान में नवरात्र के नौ दिनों तक नगर में मांस और मदिरा की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी. आधिकारिक जानकारी के अनुसार मैहर की अनुविभागीय अधिकारी दिव्या पटेल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर नगर में आध्यात्मिक और धार्मिक वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है. आदेश के मुताबिक 21 सितंबर की रात 12 बजे से यह प्रतिबंध प्रभावी हो जाएगा और आगामी आदेश तक जारी रहेगा.

# मात्र 2 घंटे में अपहृत महिला को कराया मुक्त

### मामले का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

**मंदसौर,21 सितम्बर. कोतवाली पुलिस ने अपहरण के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए मात्र 2 घंटे में अपहृत महिला को आरोपियों के कब्जे से सकुशल बरामद कर लिया.**

जानकारी के अनुसार 20 सितम्बर की रात करीब 9:30 बजे कुछ अज्ञात महिला और पुरुष बदमाश अवैध हथियार लहराते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित भावसार धर्मशाला में घुसे. यहां गरबा की प्रैक्टिस कर रही 23 वर्षीय महिला को वे जबरन चारपहिया वाहन में बैठाकर अपहरण कर ले गए. इस घटना से प्रैक्टिस कर रही अन्य



महिलाओं और बच्चों में दहशत फैल गई तथा क्षेत्र में भय का माहौल बन गया. घटना की सूचना मिलते ही फरियादिया आयुषी पति मयुर भावसार की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 499/2025 विभिन्न धाराओं सहित आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया.

इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक उमेश व्यास, विजय पुरोहित, उषा बारिया, रविन्द्र प्रताप सिंह डांगी, कुलदीप सिंह सहित पुलिस बल ने सराहनीय भूमिका निभाई. इसके अलावा थाना शामगढ़, नाहरगढ़, सीतामऊ, गरोठ, सुवासरा तथा चौकी चंदवासा के पुलिस बल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# कहीं तेज तो कहीं रूक-रूक कर बारिश जारी

## मौसम विभाग ने प्रदेश के 30 शहरों में किया अलर्ट जारी



**इंदौर 21 सितंबर.** जहां कई राज्यों से बारिश की विदाई शुरू हो गई है. वहीं मप्र के कई जिलों में सितंबर के चौथे सप्ताह में भी बारिश का सिलसिला जारी है. कई रुक-रुक कर तो कहीं तेज बारिश हो रही है.

रविवार को इंदौर समेत प्रदेश के 25 जिलों में बारिश हुई. नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, शिवपुरी-खरगोन में कई घंटे तक पानी गिरा. मौसम विभाग ने राज्य के करीब 30 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है. उत्तर पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं उससे लगे बिहार पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है. इस चक्रवात से लेकर एक द्रोणिका मध्य प्रदेश से होते हुए विदर्भ तक बनी हुई है. 25 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने वाला है. अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से नमी आने का सिलसिला बना हुआ है. इस वजह से प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश हो रही है.

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश में फिलहाल सिर्फ एक ट्रफ लाइन सक्रिय है, लेकिन लोकल सिस्टम की एक्टिविटी के कारण भी बारिश हो रही है. उज्जैन में शाम 6:30 बजे अचानक बादलों ने आसमान में डेरा डाला और तेज बारिश का दौर शुरू हो गया. वेधशाला में दर्ज रिकॉर्ड के अनुसार रात का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है. बता दें, प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी. तब से अब तक औसत 43.6 इंच बारिश हो चुकी है. अब तक 36.1 इंच पानी गिरना था. इस हिसाब से 7.5 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है. प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है. यह कोटा पिछले सप्ताह ही पूरा हो गया है.

**पलटवार** | राजनीति को लेकर विंध्य में सियासी बयानबाजी तेज

# दिग्विजय सिंह ने सिद्धार्थ तिवारी पर साधा निशाना

**रीवा 21 सितम्बर. मध्यप्रदेश की राजनीति इन दिनों विंध्य अंचल में गरमा गई है. त्योंथर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी के हालिया बयानों पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पलटवार किया है. दिग्विजय ने ट्वीट करते हुए लिखा -सिद्धार्थ मेरे पुत्र समान हैं. उनके परिवार से मेरे घनिष्ठ संबंध थे और रहेंगे.**

पुत्र सपूत या कपूत हो सकता है, लेकिन पिता कभी कुपित नहीं हो सकता. प्रभु सिद्धार्थ को ईश्वर सदबुद्धि दें. जय सिया राम. दरअसल, रीवा के त्योंथर में



आयोजित एक कार्यक्रम में सिद्धार्थ तिवारी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए दिग्विजय सिंह को मौलाना दिग्विजय कहकर संबोधित किया था.

साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी महिला विरोधी राजनीति करती है. इस पूरे विवाद पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा भी सामने आए. उन्होंने दिग्विजय सिंह के समर्थन में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिद्धार्थ अपने ही पारिवारिक रिश्तों को भूलकर इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं.

शर्मा ने याद दिलाया कि दिवंगत श्रीनिवास तिवारी 1972 में समाजवादी पार्टी से विधायक बने और अगले ही वर्ष कांग्रेस में शामिल होकर लगातार पार्टी को मजबूत करते रहे. 1980 में वे मंत्री बने, इसके बाद विधानसभा के उपाध्यक्ष और फिर दिग्विजय सरकार के दौरान दो बार विधानसभा अध्यक्ष रहे. शर्मा ने कहा कि 2003 के बाद कांग्रेस की सरकार न आने के कारण अन्याय का प्रश्न ही नहीं उठता. सिद्धार्थ तिवारी कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीनिवास तिवारी के पोते हैं. उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा और त्योंथर से जीत हासिल की. अब वे भाजपा की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं. विंध्य में लगातार तीखी बयानबाजी से राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है. सिद्धार्थ के बयानों और दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रिया ने कांग्रेस-भाजपा की सियासी जंग को और धार दे दी है.

# स्वदेशी औषधियों से विकसित भारत 2047 का संकल्प होगा पूरा : परमार

**इंदौर,21 सितम्बर. मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने इंदौर स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय 12वें विजन फार्मा राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ करते हुए कहा कि फार्मेसी सेक्टर में स्वदेशी औषधियों के उत्पादन और व्यापार को बढ़ाने की दिशा में अधिक मेहनत की आवश्यकता है.**

उन्होंने कहा कि आज कई देश भारतीय दवाओं का उपयोग कर रहे हैं और लक्ष्य है कि अधिक से अधिक देश हमारी औषधियों को अपनाएँ. उन्होंने



विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विकसित भारत 2047 के संकल्प को अपना संकल्प मानकर कार्य करें. परमार ने कहा कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और अन्य देशों को भी ऊर्जा उपलब्ध कराएगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**